# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24 अगस्त 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक को दी मंजूरी। यह विधेयक ऑनलाइन मनी गेम्स के हानिकारक प्रभावों से समाज को करेगा सुरक्षित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में दो कल्याण मण्डपम का किया लोकार्पण। कहा– सबका साथ सबका विकास के भाव के साथ जब सरकार कार्य करती है तो परिवर्तन नजर आता है।
- भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के कल लखनऊ आगमन पर साठ हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे करेंगे स्वागत। तैयारियां आखिरी चरण में।
- मऊ में हुए एक सड़क हादसे में महाराष्ट्र के संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर हरेराम त्रिपाठी और उनकी पत्नी की हुयी मौत। पीलीभीत में भी एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक को मंजूरी दे दी है। विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही, समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के हानिकारक प्रभावों से भी सुरक्षित करेगा।

लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के मनोचिकित्सक डॉ अमित सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मनी गेमिंग के कारण तनाव, अवसाद और आत्महत्या का प्रयास करने वाले मरीज़ों की संख्या में पिछले कुछ महीनों में तेज़ी से इज़ाफ़ा हुआ है।

***ऑनलाइन गेमिंग के कैसेस अक्सर देखने को हमें मिल रहे हैं और जो लोग पैसे लूज कर रहे हैं, स्ट्रेस तो एक्सपेक्टेड है, लेकिन ये सिर्फ स्ट्रेस तक नहीं है, सीवीयरटी इतनी अधिक है, लोग इसकी वजह से डिप्रेशन डबलप कर रहे हैं, और कई सारे केसेज़ में, सुसाइडेलिटी हमें देखने को भी मिल जाती है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में मानबेला और राप्तीनगर विस्तार योजना में नवनिर्मित दो कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। दोनों कल्याण मंडपम का निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण द्वारा क्रमशः 2 करोड़ 65 लाख तथा 85 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। मानबेला में बने कल्याण मंडपम के लिए मुख्यमंत्री ने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव इसलिए आया है कि 2017 से जनता ने अच्छी सरकार चुनी। अब चेहरा और पार्टी देखकर योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाता है।

**हर नागरिक का आवास का अधिकार होना चाहिए उसे आवास मिलना ही चाहिए सरकार की जिम्मेदारी है और अब तक 57 लाख गरीबों को पिछले 8 वर्ष के अंदर हम लोगों ने एक–एक आवाज की सुविधा उपलब्ध करवाई है गोरखपुर के लाखों लोगों को इस सुविधा का लाभ प्राप्त हुआ है चेहरा देखकर करके नहीं पार्टी देख करके नहीं अब तो सबका साथ और सबके विकास के भाव के साथ जब सरकार कार्य करती है तो परिवर्तन नजर आता है।**

इससे पहले मुख्यमंत्री कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था जरूरी है।

**विकसित भारत कैसा होगा इसकी शुरुआत हमें अपनी इकाई से प्रारंभ करना होगा हम राज्य में कार्यकर रहे हैं तो विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश हम लोग जनपद में कार्य कर रहेहैं तो विकसित उत्तर प्रदेश का विकसित जनपद हम जिस क्षेत्र में काम कर रहे हैं उन क्षेत्रों में केवल विकास की इकाई आर्थिक क्षेत्र में नहीं बल्कि समग्रता को लेकर के जब चलेगी वह समग्रता सब की खुशहाली का कारण बनेगा सब की संमृद्धि का कारण बनेगा और उसका रास्ता प्रारम्भ होता है एक सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के पैडलेगंज स्थित गुरुद्वारे में चल रहे गुरु ग्रंथ साहिब के 421वें प्रकाश पर्व में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री पैडलेगंज गुरुद्वारे में किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री दोपहर में एनेक्सी भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे।

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कल वाराणसी में प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में जिले के योगदान और काशी में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

***समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री खन्ना ने कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों की जीडीपी में योगदान को गुणात्मक रूप से बढ़ाने हेतु जोर दिया। उन्होंने जनपद के वर्तमान आंकड़ों में तीन गुना बढ़ोत्तरी करने पर जोर दिया। उन्होंने अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु तात्कालिक एवं दीर्घकालिक लक्ष्य तैयार करने तथा माइक्रोप्लानिंग कर कृषि एवं आनुषंगिक क्षेत्रों पर फोकस करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिले***

***के धार्मिक, पर्यटन और विकास संबंधी अन्य कार्यों के लिए काशी से सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया गया। मनीष कुमार, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

प्रदेश के श्रम और सेवायोजन मंत्री तथा सिद्धार्थनगर जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में कल जिले की समीक्षा बैठक हुई। डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल भी बैठक में मौजूद थे। इस दौरान पांच करोड़ रूप्यों से ऊपर की लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की गई।

**********

भारतीय अतंरिक्ष यात्री और लखनऊ निवासी ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपनी ऐतिहासिक अन्तरिक्ष यात्रा से लौटने के बाद पहली बार कल लखनऊ आ रहे हैं। इस अवसर पर उनके स्वागत के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट...(8)

***लखनऊ पहुंचने पर लगभग 63000 स्कूली बच्चे अपने अग्रज शुभांशु का अभूतपूर्व स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। सोमवार को सुबह शुभांशु शुक्ला खुली जीप में लखनऊ के जनमानस का अभिवादन स्वीकार करते हुए एअरपोर्ट से सी.एम.एस. गोमती नगर विस्तार कैम्पस तक जायेंगे, जहाँ सी.एम.एस. छात्र विशाल मार्च निकालकर उन्हें सैल्यूट करेंगे और इसके उपरान्त शुभांशु के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा। शुभांशु शुक्ला बच्चों से संवाद करेंगे और उनकी जिज्ञासाओं को शांत करेंगे। आयोजन से जुड़े हुए सभी पक्ष तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

पीलीभीत जिले में जहानाबाद रोड पर कल कार और टेम्पों में हुई आमने सामने की टक्कर में पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दुर्घटना को लेकर काफी देर तक रोड पर यातायात बाधित रहा। उधर, मऊ जिले में कल हुए एक सड़क हादसे में महाराष्ट्र के कविकुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति एवं संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो हरे राम त्रिपाठी और उनकी पत्नी का निधन हो गया। जबकि कार चालक का अभी इलाज चल रहा है। प्रो. त्रिपाठी मूलरूप से कुशीनगर जनपद के रहने वाले थे। कल सुबह वह वाराणसी से अपनी कार द्वारा कुशीनगर के लिए निकले थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों हादसों पर दुःख जताते हुए अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है।

**********

मथुरा में 30 और 31 अगस्त को राधाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। इसी क्रम में तैयारियों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने संबधित अधिकारियों के साथ बैठक की। ज़िलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

**********

इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में चल रही यूपी टी 20 प्रतियोगिता के अंतर्गत कल खेले गए दो मुकाबलों में काशी रुद्रास और गोरखपुर लॉयंस ने अपने अपने मैच जीते। पहले मैच में काशी रुद्रास ने मेरठ मैवेरिक्स को इक्यानबे रनों से पराजित किया। जबकि दूसरे मुकाबले में गोरखपुर ने कानपुर सुपरस्टार्स को 13 रनों से मात दी।

**********

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में रुक–रुक कर हो रही बारिश और बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रूखाबाद में गंगा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 15 जनपदों में करीब ढाई लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल अयोध्या में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन की तरफ से बाढ़ क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है।

**********

अयोध्या नरेश और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख न्यासी विमलेन्द्र मोहन प्रताप मिश्र का कल रात निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज सरयू तट पर होगा।

**********